Amar Ujala
1/07/08
My city - Page - 2

# नाइपर में हुआ ग्रीष्मकालीन स्कूल का उद्घाटन

**मोहाली।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) के निदेशक प्रो. एन सत्यमूर्ति ने सोमवार को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाइपर) में 'मॉडलिंग एंड इंफारमेटिक्स इन ड्रग डिजाइन' पर आयोजित ग्रीष्मकालीन स्कूल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में, फार्मास्यूटिकल अनुसंधान की जरूरतों को पूरा करने और औद्योगिक सेटअप के लिए सहायक होगा।

इस अवसर पर प्रो. सत्यमूर्ति ने मॉलिक्यूलर मॉडलिंग एंड इंफारेमेटिक्स इन ड्रग डिस्कवरी और लैड ऑपटेमाइजेशन के महत्व के बारे में बताया। इससे पूर्व नाइपर के निदेशक प्रो. पी रामाराव ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संबंधित विषय की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए विज्ञान के क्षेत्र में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। *ब्यूरो*